पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने पं0 सुरेश तलवलकर को सम्मानित किया

लखनऊः 05 सितम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने भातखण्डे जयन्ती संगीत समारोह के समापन के अवसर पर मुम्बई से पधारे विख्यात तबला वादक, पद्मश्री पंडित सुरेश तलवलकर को 'गुरू सम्मान' के मौके पर अंगवस्त्र, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। त्रिदिवसीय संगीत समारोह का आयोजन भातखण्डे संगीत संस्थान समविश्वविद्यालय द्वारा किया गया था।

राज्यपाल ने समापन समारोह में अपने संक्षिप्त सम्बोधन में कहा कि तबला संगीत को उसी तरह जोड़ता है, जैसे भाषा मनुष्यों को जोड़ती है और संगीत दिलों को जोड़ती है। उन्होंने कहा कि भारतीय संगीत परम्परा में विभिन्न संस्कृतियों का समावेश है। हमारे देश की संगीत परम्परा अत्यन्त समृद्ध है। हमारे यहाँ विभिन्न वाद्य यंत्रों का आविष्कार एवं विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि यही वाद्य यंत्र भारतीय संवेदनाओं और सच्ची आत्मा की अभिव्यक्ति करते हैं।

श्री नाईक ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि शिक्षक दिवस के अवसर पर पंडित सुरेश तलवलकर का सम्मान लखनऊ मंे किया जा रहा है। पंडित तलवलकर ने अपनी साधना से बेजोड़ एवं बेमिसाल स्थान प्राप्त किया और इनका तबला वादन विदेशों में भी बहुत लोकप्रिय है।

कार्यक्रम में पद्मश्री पंडित सुरेश तलवलकर ने अपना तबला वादन कार्यक्रम प्रस्तुत कर श्रोताओं को मुग्ध कर दिया।

अन्जुम/रा0/राजभवन